प्रादेशिक समाचार

30.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

**1.** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अपने समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल, कहा– बांग्लादेशी घुसपैठ से बदली है डेमोग्राफी, भाजपा ही झारखंड का कर सकती है भला।

**2.** हेमंत मंत्रिमंडल में आज शामिल हुए रामदास सोरेन को मिले चंपाई सोरेन वाले विभाग, हफीजुल हसन और मिथिलेश ठाकुर के विभागों में फेरबदल।

**3.** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची की यातायात व्यवस्था पर फिर जतायी नाराजगी, अवैध वसूली में लगे पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिये निर्देश।

**4.** सरायकेला और खूंटी में नौ शातिर अपराधी पकड़े गये, हजारीबाग के बड़कागांव में एसीबी ने 25 हजार रिश्वत लेते मुखिया और उसके पति को किया गिरफ्तार।

**5.** पैरालंपिक खेलों में भारत की शानदार शुरुआत, तीन पदकों पर जमाया कब्जा, निशानेबाजी में अवनी लेखरा ने रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण, मोना अग्रवाल और प्रीति पाल को कांस्य पदक।

**************************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये। रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित अभिनंदन सह मिलन समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। चंपाई सोरेन के साथ उनके बेटे बाबूलाल सोरेन ने भी सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे।

भाजपा में शामिल होने के बाद अपने संबोधन में श्री सोरेन ने कहा कि आज के समय में भारतीय जनता पार्टी ही झारखंड का भला कर सकती है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ से राज्य की डेमोग्राफी बदली है। श्री सोरेन ने भाजपा में रहकर नये झारखंड के निर्माण की प्रतिबद्धता दोहरायी।

इससे पहले झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि झारखंड के निर्माण के लिए अपनी जवानी कुर्बान करने वाले और झामुमो को सींचने वाले चंपाई सोरेन को हेमंत सोरेन ने अपमानित करने का काम किया।

मौके पर असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को चंपाई सोरेन की जासूसी कराने का खामियाजा भुगतना होगा।

**************************

चंपाई सोरेन के इस्तीफे के बाद झामुमो से घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने आज हेमंत मंत्रिमंडल में 12वें मंत्री के रूप में शपथ ली। रामदास सोरेन को जल संसाधन और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग दिया गया है। ये विभाग पहले चंपाई सोरेन के पास थे। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद श्री सोरेन ने कहा कि कम समय में वह ज्यादा से ज्यादा काम करने का प्रयास करेंगे।

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दो मंत्रियों के विभागों में भी फेरबदल किया है। मिथिलेश ठाकुर को कला –संस्कृति, खेल–कूद एवं युवा कार्य विभाग का भी दायित्व सौंपा गया है। यह विभाग हफीजुल हसन के पास था।

**************************

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची की लचर यातायात व्यवस्था पर फिर नाराजगी जतायी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस सिलसिले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ट्रैफिक एसपी को यातायात व्यवस्था में लगे वैसे पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये, जिनका ध्यान अवैध वसूली पर रहता है। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि केवल वीआईपी मूवमेंट के दौरान सजग रहना काफी नहीं है, आम व्यक्तियों के लिए भी ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए।

**************************

उतरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी माइकल राज ने आज रामगढ़ जिले में जोन के सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस की तैयारियों की समीक्षा की। इसके साथ ही आपराधिक गतिविधियों को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। पत्रकारों से बातचीत में श्री राज ने कहा कि सभी पुलिस अधीक्षकों को अपराध पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिये गये हैं।

**************************

सरायकेला खरसांवा जिले में पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें पांच अपराधियों की अपराधकर्मी सुभाष प्रमाणिक पर गोली चलाने की घटना में संलिप्तता रही है। एक अन्य अपराधी को डाक्टर बी मंडल की अपहरण के बाद हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

*************************

उधर, खूंटी जिले के अड़की और मरांगहादा थाना क्षेत्र से दो अलग–अलग मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये तीनों एनडीपीएस एक्ट के आरोपी हैं और लंबे समय से फरार चल रहे थे।

*************************

हजारीबाग एसीबी की टीम ने बड़कागांव पूर्वी की मुखिया विमला देवी और उसके पति राजकुमार साव को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उन पर अबुआ आवास के लिए राशि दिलाने के एवज में एक लाभुक से रिश्वत लेने का आरोप है।

*************************

लातेहार जिले में बिरसा प्रधानमंत्री फसल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई स्तरों पर उपाय किए जा रहे हैं।

*************************

पेरिस पैरालंपिक में भारत की शानदार शुरूआत हुई है। भारत ने आज तीन पदकों पर कब्जा किया। निशानेबाजी में अवनी लेखरा ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 249 दशमलव 7 का स्कोर किया। इस स्पर्धा का कांस्य मोना अग्रवाल को मिला। अवनी ने अपना ही पैरालंपिक रिकार्ड तोडा है। टोक्यो पैरालंपिक में 249 दशमलव छह के अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता था। विमेंस 100 मीटर टी–35 कैटेगरी की रेस में प्रीति पाल ने कांस्य पदक जीता।

*************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरु किये गये वैश्विक अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत आज रांची  स्थित आकाशवाणी परिसर में पौधारोपन किया गया। मौके पर केन्द्राध्यक्ष डीसी हेम्ब्रम और अभियान के नोडल अधिकारी सहायक उपनिदेशक अभियंत्रण एपी सिंह समेत आकाशवाणी के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

*********समाप्त*********